>

Title : Need to take steps to prevent the recurring floods caused by river Narayani in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल इलाका विशेषकर मेरा संसदीय क्षेत्र देवरिया हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आ जाता है जिसके कारण सैंकड़ों पशु मारे जाते हैं एवं अरबों रूपये की फसल नष्ट हो जाती है। बाढ़ से नदियों के किनारे पर भूमि कटाव होता है जिसके कारण गांव के गांव बह जाते हैं और इन कटावों से खेत बंजर हो जाते हैं। लोगों के रहन-सहन में काफी असुविधा होती है। मेरे संसदीय क्षेत्र के नरायणी नदी पर तमकुही राज क्षेत्र पर भूमि कटाव के कारण जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेद की बात है कि यह बाढ़ प्रकोप का सिलसिला लम्बे समय ये चल रहा है। इसके लिए स्थायी ईलाज नहीं किये गये। बाढ़ प्रकोप से राहत प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को इस कार्य के लिए एक राहत पैकेज देना चाहिए, जिससे बाढ़ के नुकसान को कम किया जा सके और बाढ़ नियंत्रण के स्थायी समाधान के लिए पानी आधारित बिजली प्लांट एवं बाढ़ के पानी को बड़ी एवं छोटी नहरें बनाकर सिंचाई कार्य में प्रयोग करना चाहिए, जिसके कारण इस बाढ़ के पानी को नुकसान से हटाकर इसका उपयोग विकास कार्य में लगा सकें।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पूर्वांचल में बाढ़ प्रकोप को रोकने के लिए राहत पैकेज राज्य सरकार को दिया जाये एवं बाढ़ नियंत्रण के स्थायी हल निकाले जाये।